Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop an airport in Sriganganagar, Rajasthan and provide air connectivity to the city under UDAN scheme-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): श्रीगंगानगर के लालगढ़ में हवाई पट्टी मौजूद है,जहाँ पर पूर्व में हवाई सेवा प्रारम्भ की गई थी, जोकि यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं के बिना ही शुरू कर दी की गई थी, साथ ही हवाई पट्टी भी मानक स्तर की नहीं थी, जिस कारण वहां पर दुर्घटना हो गई थी और यहाँ से हवाई सेवा को बंद कर दिया गया था ।

यदि लालगढ़ में यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार, हवाई जहाज़ के चढ़ने व उतरने के लिए मूलभूत तकनीकी सुविधाओं युक्त 2000 से 2500 मीटर लम्बी व 50 से 60 मीटर चौड़ी हवाई पट्टी युक्त एयरपोर्ट बनाया जाता है, तो इस क्षेत्र में हवाई यातायात की अपार संभावनाएं है,साथ ही यहाँ के बेरोजगार युवाओं के लिए बहुत से रोजगार के अवसर प्रदान हो सकते है ।

अनुरोध है कि उड़ान योजना के अंतर्गत श्रीगंगानगर को हवाई मार्ग से जोड़ने, एअरपोर्ट पर तकनीकी सुविधाओं और मानक मापदंडों को स्थापित करने का कष्ट करें ।